भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या **1850**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 2 अगस्त, 2024/11 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाना है।

नैनो यूरिया के उपयोग के प्रभाव

1850. श्री उम्मेदा राम बेनीवाल:

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में विशेषकर राजस्थान में फसलों के उत्पादन में नैनो यूरिया के उपयोग के प्रतिकूल प्रभाव के संबंध में कोई अध्ययन कराया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा तथा इसके परिणाम क्या रहें;

(ग) क्या सरकार का उर्वरक/कीटनाशक बेचने वाली कंपनियों द्वारा किसानों को उर्वरक/कीटनाशक खरीदते समय नैनो यूरिया खरीदने के लिए बाध्य नहीं करने हेतु कोई निर्देश/परिपत्र जारी करने का प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा ऐसा कब तक किए जाने की संभावना है; और

(ड.) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख): राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एसएयू) और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) संस्थानों में बहु-स्थानिक परीक्षणों के आधार पर, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू) ने उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत विशिष्ट कंपनियों द्वारा उत्पादित नैनो यूरिया के विनिर्देशनों को अधिसूचित किया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने सूचित किया है कि नैनो यूरिया के प्रायोगिक परीक्षणों से पता चला है कि नाइट्रोजन की अनुशंसित आधारिक खुराक के साथ टॉप-ड्रेसिंग के रूप में नैनो यूरिया के दो छिड़काव से नाइट्रोजन की पूर्ण अनुशंसित खुराक के साथ प्राप्त उपज के बराबर उपज हुई जिसमें 3-8% तक का उपज लाभ और विभिन्न फसलों में 25-50% तक की यूरिया की बचत हुई।

(ग) से (ड.): उर्वरक विभाग द्वारा उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग को प्रोत्साहित नहीं किया जाता है। तदनुसार, उर्वरक कंपनियों को उपयुक्त निदेश जारी किए जाते हैं जिनमें उनको ऐसे कार्य में लिप्त न होने का निदेश दिया जाता है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकारों को टैगिंग की रोकथाम के लिए उर्वरक नियंत्रण आदेश (एफसीओ)-1985 के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई करने की भी सलाह दी जाती है।

तथापि, भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों और उर्वरक कंपनियों के साथ विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नैनो यूरिया के उपयोग को बढ़ावा दिया जाता है।

*****